# शुष्क दिवस पर आबकारी की कार्रवाई



## 37 प्रकरण दर्ज, 28 आरोपी गिरफ्तार : बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 05 अक्टूबर।** दशहरा और गांधी जयंती के अवसर पर घोषित शुष्क दिवस के मद्देनजर कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने जिलेभर में अवैध मदिरा विक्रय पर सख्त कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के मार्गदर्शन में जिले के सभी वृत्त प्रभारियों को विशेष गश्त और निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत पूरे शिवपुरी जिले में सघन कार्यवाहियां की गईं। शुष्क दिवस पर जिलेभर में कुल 37 प्रकरण दर्ज कर 28 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 450 पाव देशी शराब और 112 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। इन कार्यवाहियों में परिवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक लोकेश बेवारिया, आरक्षक डोंगर सिंह, सतीश जयंत, डाल सिंह, मुकेश माहौर, गिरिराज आदिवासी, काशीराम और रितिक का योगदान रहा।

### शिवपुरी वृत्त में कार्रवाई

आबकारी उपनिरीक्षक डॉ. तीर्थराज भारद्वाज द्वारा वृत्त शिवपुरी में 12 प्रकरण दर्ज कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में 212 पाव प्लेन देशी मदिरा, 20 पाव मसाला मदिरा और 48 लीटर हाथ भट्टी की मदिरा जब्त की गई।

### करैरा वृत्त में कार्रवाई

आबकारी उपनिरीक्षक नीरज त्रिवेदी द्वारा वृत्त करैरा में 10 प्रकरण दर्ज कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 70 पाव देशी शराब और 52 लीटर हाथ भट्टी की मदिरा बरामद की गई।

### पिछोर वृत्त में कार्रवाई

आबकारी उपनिरीक्षक विनीत शर्मा द्वारा वृत्त पिछोर में 4 प्रकरण दर्ज कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में 28 पाव देशी मदिरा और 12 लीटर हाथ भट्टी की मदिरा जब्त की गई।

### कोलारस एवं पोहरी वृत्त में कार्रवाई

आबकारी उपनिरीक्षक राहुल गुप्ता द्वारा वृत्त कोलारस में 5 प्रकरण दर्ज कर 5 आरोपियों को तथा वृत्त पोहरी में 6 प्रकरण दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों वृत्तों में मिलाकर कुल 120 पाव देशी शराब जब्त की गई।

# नागरिकों ने सोलर लाइट सहित की शव यात्रा वाहन की मांग



**हितेश जैन**

**पोहरी,4अक्टूबर।** नगरपंचायत क्षेत्र के बाशिंदों ने एकजुट होकर अपनी मूलभूत आवश्यकताओं और विकास कार्यों को लेकर नगरपंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य नगरपंचायत अधिकारी से मुलाकात की और कई अहम मांगें सामने रखीं। सबसे बड़ी मांग आदिवासी बस्ती की रही जहां आज तक न तो खंभे हैं और न ही बिजली की तारें। वहां के निवासियों ने कहा कि हमारी बस्ती अंधेरे में डूबी रहती है, बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते और रात में आवाजाही करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में सोलर लाइट लगाई जाए ताकि हमें रोशनी मिल सके। इसके अलावा ब्लॉक कॉलोनी पार्क में खुली जिम लगाने की भी मांग रखी गई। स्थानीय युवाओं ने कहा कि यदि पार्क में जिम की सुविधा मिल जाए तो हम स्वस्थ रहेंगे और बच्चों को भी खेलकूद का अच्छा माहौल मिलेगा। जनजागरूकता को ध्यान में रखते हुए नागरिकों ने पूरे चौराहे पर एक प्रोजेक्टर लगाने की मांग की। उनका कहना है कि शासन की जो योजनाएं चल रही हैं। उनकी जानकारी आमजन तक आसानी से पहुंचे और लोग चौराहे पर ही योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझ सकें। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी लोगों ने आवाज उठाई। नगर के कई हिस्सों में लगे सीसीटीवी कैमरों की संख्या सहित सर्विस लाइन बढाने की मांग की गई है। निवासियों ने कहा कि अपराधों पर रोक तभी लगेगी जब कैमरों की संख्या और अन्य जगहो पर निगरानी व्यवस्था हेतु होगी। इसके साथ ही नगरवासियों ने एक शव यात्रा वाहन की भी मांग की। लोगों ने बताया कि पोहरी नगर पंचायत में किसी की मृत्यु हो जाने पर शव यात्रा के लिए वाहन की समस्या आती है, जिसके चलते परिजनों को भारी असुविधा झेलनी पड़ती है। इन सभी मांगों को नगरवासियों ने नगरपंचायत अध्यक्ष महोदय एवं मुख्य नगरपंचायत अधिकारी के सामने पुरजोर ढंग से रखा। नगरपंचायत अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा और जल्द ही कार्यवाही शुरू की जाएगी। निवासियों का कहना है कि यदि इन मांगों पर जल्द अमल होता है तो नगर की तस्वीर बदल जाएगी और आमजन को काफी राहत मिल सके।



## नरवर में क्षत्रिय महासभा का दशहरा मिलन समारोह आज निकलेगा चल समारोह

**नरवर।** अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महसभा इकाई करैरा नरवर के द्वारा बताया गया कि बुराई पर अच्छाई का प्रतीक मनाए जाने वाले दशहरा पर्थ को लेकर समस्त हिन्दू भाई चारा में उत्साह है।

इसी में शिवपूरी जिले के नरवर क्षेत्र में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा करैरा नरवर इकाई के द्वारा क्षत्रिय महासभा का भव्य दशहरा मिलन समारोह का आयोजन 5 अक्टूबर को स्थानीय बंशिका मैरिज गार्डन, जिंदावलि माता मंदिर के सामने नरवर पर आयोजित होगा जिसकी शुरूआत चल समारोह के साथ होगी जो दोपहर 12 वजे नया बस स्टैंड नरवर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख स्थानों से होते हुए दशहरा मिलन समारोह का कार्यक्रम स्थल बंशिका मैरिज गार्डन पर चल समारोह का समापन किया जाएगा।

सभा क्षत्रिय महासभा करैरा नरवर इकाई के इस भव्य दसहरा मिलन समरोह में मुख्य अतिथि महिपाल सिंह मकराना (राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजपूतकरणी सेना), एवं पार्टी के कई नेता सामिल होंगे।

# पुलिस की कार्रवाई : 72 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 05 अक्टूबर।** थाना सतनवाड़ा पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी बल्लू मोगिया के कब्जे से तीन प्लास्टिक की कैनो में हाथ भट्टी की बनी कुल 72 लीटर कच्ची शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले में अवैध शराब बनाने एवं विक्रय करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना सतनवाड़ा पुलिस ने यह कार्रवाई की।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने चौराघाट नरिया के किनारे ग्राम कांकर में दबिश दी, जहां से आरोपी बल्लू मोगिया पुत्र मिट्ठू मोगिया (आयु 22 वर्ष), निवासी ग्राम कांकर थाना सतनवाड़ा, जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से तीन प्लास्टिक की कैनो में हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब कुल 72 लीटर (कीमत लगभग 7200 रुपये) की बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 151/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। उप निरीक्षक सुनील सिंह राजपूत थाना प्रभारी सतनवाड़ा, प्रआर सोनू रजक, प्रआर सोनेराम कुशवाह, आर पवन कुमार, आर धर्मेन्द्र शर्मा, आर रामप्रकाश, आर प्रशांत गुर्जर, आर शिवराज धाकड़ थाना सतनवाड़ा का सराहनीय योगदान रहा।

# मानव वेलफेयर सोसायटी एवं मां अंबे एसोसिएशन ने प्रशासन व मीडिया का जताया आभार



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 05 अक्टूबर।** गांधी पार्क मैदान में आयोजित 10 दिवसीय नवदुर्गा एवं गरबा डांडिया महोत्सव तथा रावण दहन कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद मानव वेलफेयर सोसायटी एवं मां अंबे एसोसिएशन ने सहयोग के लिए प्रशासन, मीडिया व जनसमुदाय का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

सोसायटी द्वारा जारी वक्तव्य में कहा गया कि इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सामान्य प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर पालिका शिवपुरी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। संस्था ने इन सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही सभी प्रिंट मीडिया, न्यूज़ चैनल, पोर्टल एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े पत्रकार बंधुओं का भी आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने 10 दिवसीय कार्यक्रमों को अपने माध्यमों पर प्रमुखता से स्थान देकर महोत्सव की भव्यता को जन-जन तक पहुँचाया। संस्था ने माता आगमन, माता विसर्जन एवं राम शोभा यात्रा के दौरान मार्ग में जल, फल, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, फूलमाला और पुष्पवर्षा से स्वागत करने वाले सभी श्रद्धालुओं, स्वागतकर्ताओं एवं दर्शनार्थियों का भी विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। आभार प्रकट करने वालों में राजेश ठाकुर, संतोष शिवहरे, मुकेश जैन, राजीव भाटिया, सुधीर राजोरिया, विवेक शिवहरे, किशोर जैमिनी, सतीश शर्मा, रामबाबू शर्मा, दयाशंकर गोयल, आशीष मित्तल, राजेंद्र राठौर, रामेश्वर राठौर, गजेंद्र शिवहरे, प्रवीण पांडे, रवि तिवारी, हुकुमचंद शिवहरे, संतोष वर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## पुलिस ने लावारिस मिली 3 वर्षीय बालिका को परिजनों से मिलाया

**शिवपुरी।** थाना कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लावारिस हालत में मिली एक 3 वर्षीय नाबालिग बालिका को उसके परिजनों से मिलवाया। रातौर रोड शिवपुरी से एक नाबालिग बालिका अपनी माँ से बिछड़ गई थी। बालिका घूमते हुए फतेहपुर क्षेत्र तक पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा थाना कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को खोज निकाला। पुलिस ने परिजनों की तलाश कर बालिका को उसकी माँ और बाबा निवासी फतेहपुर हनुमान मंदिर, रातौर रोड शिवपुरी के सुपुर्द किया। बच्ची को देखकर उसकी माँ और बाबा के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। परिजनों ने कोतवाली पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता की सराहना की। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली कृपाल सिंह राठौड़, प्रधान आरक्षक राजवीर सिंह (क्र. 722) एवं आरक्षक दीपक तिवारी (क्र. 786) की विशेष भूमिका रही।

# अमोला पुलिस ने पकड़ी 110 लीटर कच्ची शराब, आरोपी गिरफ्तार

## एक्सयूवी कार सहित 8 .11 लाख का सामान जब्त

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,04अक्टूबर।** अमोला थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 110 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब सहित एक एक्सयूवी कार (क्रमांक यूपी 11 बीसी 8055) कुल मशरुका 8 लाख 11 हजार रुपये का जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी टिंकू कुशवाह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में अवैध शराब, गांजा और स्मैक बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजेव मुले और एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।





थाना प्रभारी अमोला उप निरीक्षक अंशुल गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति एक्सयूवी कार से अवैध शराब ला रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी टिंकू कुशवाह पुत्र राजाराम कुशवाह (उम्र 20 वर्ष), निवासी करार खेड़ा, चौकी हिम्मतपुर, थाना पिछोर, जिला शिवपुरी को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 110 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब (कीमत लगभग 11 हजार रुपये) और एक्सयूवी कार (कीमत 8 लाख रुपये) सहित कुल 8 लाख 11 हजार रुपये का मशरुका जब्त किया गया। इस मामले में थाना अमोला में अपराध क्रमांक 237/25, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय करैरा, जिला शिवपुरी में पेश कर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक अंशुल गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक वासुदेव प्रसाद, हरदयाल जोशी, आरक्षक संजीव श्रीवास्तव, आर. एल. मदुरिया, बलवीर बघेल, हिम्मत सिंह, चालक मोहित शर्मा, नीतेन्द्र सिंह, कुलदीप, और सैनिक जितेन्द्र कलावत ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## किसानों को 1.20 लाख तक के अनुदान पर वितरित किए सुपर सीडर कृषि यंत्र

**शिवपुरी।** जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 4 अक्टूबर 2025 को उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास पीएस करोरिया ने किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र वितरित किए। ग्राम बिनेगा के कृषक मुकेश रावत, ग्राम बिलोखुर्द के दिनेश रावत और ग्राम पिपरसमां के कृषक अवधेश वर्मा विकासखण्ड शिवपुरी को सुपर सीडर यंत्र प्रदाय किए गए। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि सुपर सीडर कृषि यंत्र पर कृषकों को 1,20,000 का अनुदान लाभ दिया जा रहा है।

# सीएमओ इशांक धाकड़ ने दिखाई सख्ती, 19 लापरवाह सफाई कर्मचारी किए बाहर

## पालिका प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए त्वरित कदम

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी,04अक्टूबर।** नगर पालिका परिषद शिवपुरी में सफाई व्यवस्था को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) इशांक धाकड़ ने सख्त रुख अपनाते हुए 19 लापरवाह सफाई कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। यह निर्णायक कार्रवाई तब की गई जब हाल ही में शिवपुरी के एक दिवसीय दौरे पर आए जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने शहर की खराब सफाई व्यवस्था पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की थी।

सीएमओ इशांक धाकड़ ने बताया कि हटाए गए सभी 19 कर्मचारी लंबे समय से बिना सूचना के कार्य से अनुपस्थित थे। इनकी लगातार गैर-हाजिरी के कारण शहर के वार्डों और प्रमुख स्थानों पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी, जिससे जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए थे। प्रभारी मंत्री की नाराज़गी के बाद नगर पालिका प्रशासन ने सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए त्वरित कदम उठाए हैं। अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर यह सख्त कार्रवाई प्रशासन की जवाबदेही और शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।सीएमओ इशांक धाकड़ ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका के 19 अस्थायी और कुछ स्थायी कर्मचारी लंबे समय से अपने कार्य से अनुपस्थित थे। सभी अस्थायी कर्मियों को हटाया गया है, जबकि कुछ स्थायी कर्मियों का निलंबन किया गया है। कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हटाए गए कर्मचारी लीला, गुड्डी, रेखा, मुन्नी, ललिता, महेन्द्र खरे, गणेश, रोहित, विमला, सुरेन्द्र, मोहित, साजन, सौरभ, संजय, आकाश, रीना, मनीष और कृष्णा। इस कार्रवाई से अन्य कर्मचारियों को भी अपनी ड्यूटी के प्रति जवाबदेह और सतर्क रहने की सख्त चेतावनी मिली है।

## विभाग ने जप्त किया 40 किग्रा. संदिग्ध पनीर

**गुना।** निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग गुना की टीम द्वारा जगत रेजिडेंसी के पास एबी रोड गुना पर एक थर्माकोल बॉक्स एवं पॉलीथिन में पैक 40 किलोग्राम पनीर संदिग्ध लावारिस अवस्था में पाया गया। टीम द्वारा निरीक्षण करने पर बॉक्स में खाद्य पदार्थ पनीर का होना पाया गया। टीम द्वारा आसपास लोगों से पूछताछ करने पर किसी भी व्यक्ति ने उस पनीर के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। टीम द्वारा काफी देर इंतजार करने के बाद जब कोई पनीर का दावेदार मौके पर नहीं आया।

# कार्यशाला : जिला पंचायत विश्रामगृह में कलेक्टर किसान संवाद कार्यक्रम संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** जिला पंचायत विश्राम गृह में आयोजित कृषि कार्यशाला के अंतर्गत कलेक्टर किसान संवाद सह वैज्ञानिक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टरी किशोर कन्याल, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, कृषि उपसंचालक संजीव शर्मा, उद्यानिकी उपसंचालक केपीएस किरार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री किशोर कन्याल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत की श्रेणी में लाने के लिए हमें अपनी आर्थिक स्थिति को 8 से 10 गुना बढ़ाना होगा। इसके लिए चरणबद्ध रूप से योजनाबद्ध प्रयास आवश्यक हैं। हमें यह सोचना होगा एक एकड़ भूमि से वर्षभर में 12 लाख रुपए तक की आय कैसे प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया इस दिशा में पॉलीहाउस में गुलाब की खेती एक सफल प्रयोग के रूप में सामने आई है। कलेक्टर श्री कन्याल ने आगे कहा प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ पीकेसी परियोजना का मूल उद्देश्य हमारे पूरे क्षेत्र को पर्याप्त जल उपलब्ध कराना है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया वे परियोजना की रूपरेखा और लाभ को गहराई से समझें। उन्होंने कहा इस परियोजना से सबसे अधिक लाभ हमारे गुना जिले को होगा। उन्होंने किसानों को भावांतर योजना और दुग्ध समृद्धि अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भावांतर योजना का पंजीयन 3 अक्टूबर से आरंभ हो चुका है। उन्होंने कहा जिन कृषकों के खेत में वास्तविक सोयाबीन की फसल खड़ी है वही पंजीयन करें, क्योंकि इसका क्रॉस वेरिफिकेशन भी होगा। उन्होंने सभी कृषकों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक किसान पंजीयन करें और इस योजना का लाभ लें। साथ ही उन्होंने नरवाई प्रबंधन को लेकर हैप्पी सीडर, सुपर सीटर सहित अन्य आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया।

# नपा ने जारी की सख्त हिदायत शासकीय बैठकों में जनप्रतिनिधियों के साथ पति-पत्नी की उपस्थिति पर पूर्ण प्रतिबंध

**गुना। नगर पालिका परिषद गुना ने शासकीय नियमों के उल्लंघन पर सख्ती दिखाते हुए सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आवश्यक सूचना जारी की है। परिषद द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि शासकीय कार्यालयों और बैठकों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ उनके पति या पत्नियों की उपस्थिति पूर्णतः प्रतिबंधित है।**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर, नगर पालिका परिषद गुना द्वारा 3 अक्टूबर 25 को जारी इस आदेश में कहा गया है कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट गुना के पत्र के तारतम्य में निर्देशों का निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। इस कारण शासन द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन हो रहा है और सदन की मर्यादा भी प्रभावित हो रही है। जारी सूचना में कहा गया है कि केवल वही व्यक्ति शासकीय बैठकों एवं कार्यालयों में उपस्थित रह सकेंगे, जो विधिवत रूप से निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। उनके स्थान पर या उनके साथ किसी अन्य व्यक्ति, विशेषकर पति या पत्नी, की उपस्थिति शासन के नियमों के विपरीत मानी जाएगी। नगर पालिका परिषद ने स्पष्ट किया है कि शासन के इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की गई है कि वे नियमों का पूरी गंभीरता से पालन करें। इस निर्देश के बाद अब गुना नगर पालिका के किसी भी शासकीय कार्यक्रम, बैठक या कार्यालय में निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ उनके जीवनसाथियों की मौजूदगी पर सख्त रोक लागू रहेगी। इसी के साथ कार्यालय में तंबाखू, गुटका एवं सिगरेट, बीड़ी पीना दंडनीय अपराध है।

**दोनों पक्षों ने दी आत्मदाह की चेतावनी, व्यापारी के बाद महिला ने भी एसपी ऑफिस पहुंचकर सौपा आवेदन**

# किराए की दुकान को लेकर व्यापारी और महिला में बढ़ा विवाद

**नवभारत न्यूज**

**गुना। शहर में एक किराए की दुकान को लेकर सर्राफा व्यापारी और दुकान मालिक परिवार के बीच चल रहा विवाद अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। शुक्रवार को जहां किराएदार व्यापारी देवकीनंदन सोनी ने सिटी कोतवाली प्रभारी पर प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा था और कार्रवाई नहीं होने पर भोपाल स्थित मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी।**

वहीं शनिवार को दुकान मालिक पक्ष की महिला पूजा सेन ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर देवकीनंदन सोनी और उसके पुत्र दीपक सोनी पर दुकान पर कब्जा करने, गालियाँ देने और छेड़छाड़ करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। एसपी अंकित सोनी को दिए आवेदन में पूजा सेन ने बताया कि उनकी सास राधा सेन के नाम पर रजिस्ट्री की गई दुकान वर्षों पहले देवकीनंदन सोनी को किराए पर दी गई थी। किराया न चुकाने और दुकान पर कब्जा जमाने को लेकर कई बार विवाद हो चुका है। महिला का आरोप है कि देवकीनंदन सोनी और उसका बेटा दीपक आए दिन उनके परिवार के साथ गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देते हैं। पूजा सेन ने यह भी बताया कि 19 सितंबर को देवकीनंदन सोनी और दीपक सोनी अपने साथियों के साथ दुकान का ताला खोलने पहुंचे, और जब उसने किराया मांगा तो दीपक ने अश्लील हरकत करते हुए उसे धमकी दी। वहीं 28 सितंबर की शाम को भी सुगम चौराहे के पास दीपक सोनी ने कथित तौर पर महिला से छेड़छाड़ की और गालियाँ दीं। महिला ने आरोप लगाया कि उनके बार-बार आवेदन देने के बावजूद थाना कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि उल्टे उनके परिवार पर ही झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया गया। पूजा सेन का कहना है कि वह गरीब परिवार से हैं, पति बीमार हैं और राजनैतिक दबाव के चलते उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वह 6 अक्टूबर को अपने परिवार सहित भोपाल मुख्यमंत्री निवास के सामने आत्मदाह करने को मजबूर होंगी।

गौरतलब है कि इससे पहले व्यापारी पक्ष ने भी आत्मदाह की चेतावनी दी थी, वहीं कुछ दिन पूर्व बड़ी संख्या में व्यापारियों ने टीआई को हटाने की मांग को लेकर एसपी कार्यालय के बाहर नारेबाजी की थी। पूरा मामला एक ही दुकान के किराए को लेकर विवादित बताया जा रहा है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

## लापता किशोरी को मिलाया परिजनों से

**गुना।** जिले की बमौरी थाना क्षेत्र से लापता हुई एक नाबालिग किशोरी पुलिस ने दस्तयाव कर परिजनों से मिलाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 सितंबर 25 की रात जिले के बमौरी थाना क्षेत्र से 17 वर्षीय एक नाबालिग किशोरी के घर पर किसी को बिना कुछ बताये कहीं चले जाने पर किशोरी के परिजनों की ओर से 30 सितंबर 25 को उसके गुम होने संबंधी रिपोर्ट बमौरी थाने पर की गई थी। इसमें विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद ली गई साथ ही अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया, जिससे संकलित जानकारी के आधार पर अपहृता की तलाश में पुलिस द्वारा कड़ी से कड़ी मिलाकर सभी संभावित जगहों पर किशोरी को खोजने के सघन प्रयास किये गये, मुखबिर से जानकारी मिलने पर बमौरी थाना पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही कर प्रकरण में अपहृत किशोरी को दस्तयाब कर लिया गया।

# बास्केटबॉल चैंपियनशिप में क्राइस्ट स्कूल की अंडर-17 टीम करेगी मप्र का प्रतिनिधित्व

**गुना।** क्राइस्ट स्कूल की अंडर-17 बास्केटबॉल टीम अब राष्ट्रीय स्तर पर अपने हुनर का प्रदर्शन करेगी। आगामी 5 से 11 अक्टूबर 25 तक छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में आयोजित होने वाली सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में क्राइस्ट स्कूल की टीम मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने जा रही है। व्यायाम शिक्षक एवं टीम कोच सचिन सक्सेना ने बताया कि हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय सीबीएसई बास्केटबॉल प्रतियोगिता में क्राइस्ट स्कूल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसी उपलब्धि के आधार पर विद्यालय की टीम को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिला है। टीम में शामिल खिलाडियों में आयुष रघुवंशी, अंश दीक्षित, निमित जैन, गौरव रघुवंशी, आदर्श रघुवंशी, मेधांश गोहदकर, दर्श अग्रवाल, पार्थ रघुवंशी, गौरांश सक्सेना, उत्कर्ष कुशवाह, दर्श गोयल और अथर्व सोनी शामिल हैं। टीम का नेतृत्व कोच सचिन सक्सेना एवं टीम मैनेजर रमन शर्मा करेंगे, जो खिलाडियों को प्रतियोगिता के दौरान मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य फादर बाबू, उप-प्राचार्य फादर जॉर्ज सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार ने खिलाडियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त कीं। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि टीम राज्य का गौरव बढ़ाएगी।

## भावान्तर योजना के संबंध में किया बैठक का आयोजन

**गुना।** कृषि उपज मण्डी समिति राधौगढ़ द्वारा आज भारसाधक/अनुविभागीय अधिकारी अमित सोनी की अध्यक्षता में भावान्तर योजना 2025 के संबंध में बैठक का आयोजन नगर पालिका सभा कक्ष राघौगढ़ में किया गया। बैठक में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, प्रबंधक विपणन सहकारी संस्था खाद अधिकारी, किसान प्रतिनिधि एवं मण्डी समिति के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी, हम्माल तुलावटी एवं कृषक गण उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित समस्त जनों को भावान्तर भुगतान योजना के पंजीयन एवं खरीद संबंधी जानकारी भारसाधक/अनुविभागीय अधिकारी एवं मण्डी सचिव द्वारा विस्तार से दी गई एवं योजना से संबंधित पीपीटी प्रदर्शित की गई।